दिनांक 27 जुलाई 2024 को राजपुर क्षेत्र में हुई वाहन चोरी की घटना का 24 घंटे में दून पुलिस ने किया खुलासा,चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 01 अभियुक्त को थाना राजपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार, अभियुक्त के कब्जे पल्सर मोटरसाइकिल हुई बरामद

दिनांक 26-07-2024 को श्री पपेश राणा, निवासी गंगोत्री विहार, रायपुर द्वारा थाना राजपुर में प्रार्थना पत्र दिया कि अज्ञात चोर द्वारा उनके दोस्त की मोटरसाइकिल यू0के0-07 जैडबीके-9326 मैक्स अस्पताल के गेट के सामने से चोरी कर ली है, जिस पर थाना राजपुर में मु0अ0सं0-180/2024, अंतर्गत धारा 303(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

घटना की गंभीरता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा थानाध्यक्ष राजपुर को घटना के अनावरण एंव अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए थाना राजपुर में पुलिस टीम का गठन किया गया, गठित टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आने जाने वाले मार्गो के 115 सीसीटीवी कैमरो को चेक किया गया एंव घटना के सम्बंध में सुरागरसी पतारसी करते हुए जानकारियां एकत्रित की गई, साथ ही पूर्व में वाहन चोरी के अपराध में लिप्त 15 वाहन चोरों का भौतिक सत्यापन किया गया। पुलिस द्वारा किये गये प्रयासो से दिनांक 26-27/07/2024 की रात्रि को चैकिंग के दौरान कुठाल गेट बैरियर ओल्ड मसूरी रोड के पास से बाईक चोरी की घटना को अजांम देने वाले अभियुक्त सिद्धार्थ थापा को चोरी कि गई मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

नाम पता अभियुक्त :-
सिद्धार्थ थापा पुत्र कमल थापा निवासी 74 बापू नगर, राजपुर, देहरादून, उम्र 24 वर्ष।

बरामदगी :-
UK-07- ZBK-9326

पुलिस टीम :-1- उ०नि० पी०डी० भट्ट, थानाध्यक्ष राजपुर 2- उ०नि० संदीप कुमार, चौकी प्रभारी कुठाल गेट, 3- का० नीरज कुमार, 4- का० मोहित शर्मा